डायरिया रोग से होने वाली मौतों में वैश्विक गिरावट

स्रोत: हिंदुस्तान टाईम्स

द लांसेट इन्फेक्शियस डिज़ीज़ में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में डायरिया रोग के कारण होने वाली वैश्विक मौतों में कमी पर प्रकाश डाला गया है।

डायरिया रोग के कारण वैश्विक मृत्यु में लगभग 60% की गिरावट आई है, वर्ष 2021 में 1.2 मिलियन मौतें दर्ज की गईं, जो वर्ष 1990 में 2.9 मिलियन थी।
पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चेऔर बुज़ुर्ग (70 वर्ष से अधिक) अत्यधिक संवेदनशील बने हुए हैं, विशेष रूप सेउप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में, जहाँ मृत्यु दर सबसे अधिक है।
उल्लेखनीय बात यह है कि पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दरमें 79% की कमी आई है, फिर भी इस आयु वर्ग मेंमृत्यु दर सबसे अधिक है।
विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष (DALY), जिसका आशय दिव्यांगता की स्थिति वाली जीवन अवधि से है, वर्ष1990 में 186 मिलियन से घटकर वर्ष 2021 में 59 मिलियन हो गया, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की संख्या 31 मिलियन थी।
उच्च आय वाले देशों में पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में प्रति 100,000 जनसंख्या पर एक से भी कम मृत्यु होती है, जबकि उप-सहारा
अफ्रीका में समान जनसांख्यिकी में प्रति 100,000 जनसंख्या पर कम-से-कम 150 मृत्यु होती हैं।
दस्त: दस्त को प्रतिदिन तीन या अधिक बार पतला या तरल मल त्यागने (या किसी व्यक्ति के लिये सामान्य से अधिक बार मल त्यागने) के रूप
में परिभाषित किया जाता है।
दस्त से उत्पन्न सबसे गंभीर खतरा निर्जलीकरण है।

और पढ़ें: डायरिया रोको अभियान, डायरिया रोग और पोषण पर एशियाई सम्मेलन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-decline-in-diarrhoeal-disease-deaths